FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी
संकल्प हमारा

सराहनीय कार्य थाना टूण्डला दिनाँक 28-08-23 जनपद फिरोजाबाद ।

थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा फर्जी मालिक बनकर जमीनों का फर्जी बैनामा कराने वाले गिरोह के 02 शातिर सदस्यों को कूटरचित दस्तावेजों सहित किया गया गिरफ्तार ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद मे अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में टूण्डला पुलिस टीम द्वारा बाहर रहकर नौकरी करने वाले लोगो की जमीन का षडयन्त्र के तहत फर्जी मालिक बनकर भोलेभाले लोगो के नाम बैनामा करने वाले गिरोह के 02 शातिर सदस्यों 1. फिरोज खान 2. दिनेश को किया गया गिरफ्तार । शातिरों के कब्जे से दो मोबाईल व दो फर्जी आधार कार्ड बरामद किये गये । गिरफ्तार अभियुक्तगणों को मा0 न्याय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनाँक 17-08-23 को अभियुक्तगणों के द्वारा एक षडयन्त्र के तहत वादी श्री दिलीप कुमार पुत्र गौरीशंकर निवासी स्टेशन रोड अशोक वाटिका थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद की जमीन का अभियुक्तों द्वारा कूट रचित दस्तावेज तैयार करके फर्जी दिलीप कुमार बनकर फर्जी बैनामा तहसील टूण्डला मे कर दिया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर मु0अ0स0 655/2023 धारा 420/467/468/471/120बी भादवि पंजीकृत किया गया था । उपरोक्त अभियोग के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के द्वारा तत्काल प्रभाव से टीम का गठन किया गया । जिसमे अभियुक्तगण आज पुनः दिलीप के भाई श्री हरीश कुमार के हिस्से की जमीन का फर्जी बैनामा कराने के लिये तहसील आये हुए थे जहाँ पर थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर गिरोह के दो सदस्यो 1. फिरोज खान 2. दिनेश को गिरफ्तार किया गया । गिरोह का सरगना स्वामी उर्फ सुम्मा पूर्व में इस प्रकार के अपराध में जेल जा चुका है ।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणः-

1. फिरोज खान पुत्र नत्थूखान गांव शेखनपुर थाना फरिहा जिला फिरोजाबाद ।
2. दिनेश पुत्र नौवत राम निवासी साढ़ूपुर थाना मक्खनपुर जिला फिरोजाबाद ।

बरामदगी का विवरणः-

1. 02 अदद मोबाइल।
2. 02 अदद फर्जी आधार कार्ड दिलीप व हरीश कुमार के नाम से बने हुए।

गिरफ्तार करने वाले अधि0/कर्मचारीगणः-

1. प्र0नि0 श्री प्रदीप कुमार थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्री योगेश नागर थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री जितेन्द्रकुमार थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद।
4. हे0 का0 346 दिलीप कुमार थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद।
5. हे0 का0 737 राजकुमार थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद।
8. का0 123 भूपेन्द्र सिह थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद।
9. का0 401 लक्ष्मण सिह थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद।
10. का0 811 दिनेश कुमार थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद।